# निवेशकों की सुविधा के लिए निवेश मित्र-3.0 पोर्टल जल्द

- इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने दिया निर्देश
- ईज आफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए और सरल की जाएंगी सेवाएं

राब्यू, जागरण● लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी निवेशकों की सुविधा के लिए निवेश मित्र पोर्टल-3.0 को जल्द लांच करने की तैयारी कर रहा है। इस पोर्टल के जरिये प्रदेश में ईज आफ डूइंग बिजनेस (कारोबार में सुगमता) को बढ़ावा देने के लिए सरकारी सेवाओं को और सरल किया जाएगा। मौजूदा निवेश मित्र पोर्टल के जरिये निवेशकों को 44 से अधिक सरकारी विभागों की 525 से ज्यादा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। पोर्टल के नए संस्करण के लांच होने के बाद सेवा प्रदायगी के समय में 30 प्रतिशत की कमी आएगी। इन्वेस्ट यूपी की कोशिश है कि निवेश के आवेदन और स्वीकृति प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए निवेशकों से सिर्फ जरूरी दस्तावेजों की मांग की जाए।

सोमवार को लोकभवन में इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव एसपी गोयल ने ईज आफ डूइंग बिजनेस की प्रक्रिया को और सरल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में शामिल इन्वेस्ट यूपी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों के प्रस्तावों पर शीघ्र अनुपालन, प्रक्रिया के न्यूनीकरण व देरी को लेकर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने कहा कि निवेशकों से सुझाव लेकर प्रक्रियाओं में स्थायी तौर पर सुधार किए जाएं। निवेश मित्र पोर्टल 3.0 को हर हाल में इसी वर्ष लांच किया जाए। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने बताया कि निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए 'डीक्रिमिनलाइजेशन विधेयक' का मसौदा तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से कई मामलों में कारावास का प्रविधान समाप्त हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य सरकार ने 45 विभागों में 4,675 से अधिक सुधार लागू किए हैं। इनमें 2,500 से ज्यादा व्यापार केंद्रित परिवर्तन, 1,586 नागरिक सेवाओं में सुधार और 577 आपराधिक प्रविधानों की समाप्ति शामिल है।